प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड, भोपाल
"चयन भवन" ,मेन रोड नं. 1. चिनार पार्क ईस्ट० भोपाल 462011
फोन न.– +91-755-2578801-02-03-04, Fax: +91-755-2550498,
E-mail: vyapam@mp.nic.in, website: www.peb.mp.gov.in

# जनरल नर्सिंग प्रशिक्षण चयन परीक्षा एवं प्री नर्सिंग सिलेक्शन प्रवेश परीक्षा-2018

## (केवल महिला अभ्यर्थियों के लिये)

परीक्षा संचालन एवं प्रवेश नियम पुस्तिका

| ऑनलाईन आवेदन-पत्र | | | |
|---|---|---|---|
| भरने की प्रारम्भ तिथि | : 03.05.2018 | भरने की अंतिम तिथि | : 17.05.2018 |
| आवेदन पत्र मे संशोधन करने की प्रारम्भ तिथि | : 03.05.2018 | आवेदन पत्र में संशोधन करने की अंतिम तिथि | : 22.05.2018 |
| परीक्षा दिनांक व दिन | | 10.06.2018, रविवार | |

| परीक्षा शुल्क | |
|---|---|
| अनारक्षित अभ्यर्थियों के लिये | रू. 400/- |
| अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग / नि:शक्तजन अभ्यर्थियों के लिये | रू. 200/- |

ऑनलाईन आवेदन -कियोस्क के माध्यम से आनलाईन भरने वाले अभ्यर्थियों हेतु एमपीआनलाईन का पोर्टल शुल्क रूपये 70/- देय होगा । इसके अतिरिक्त रस्टिर्ड सिटीजन यूजर के माध्यम से लागिन कर फार्म भरने पर पोर्टल शुल्क 40/- रू. देय होगा ।

आनलाईन परीक्षा पद्धति समय सारणी

| परीक्षा दिनांक एवं दिन | परीक्षा की पाली | अभ्यर्थियों के लिये रिपोटिंग समय | महत्वपूर्ण निर्देश पढने का समय | उत्तर अंकित का समय |
|---|---|---|---|---|
| 10.06.2018 रविवार | प्रथम | प्रात: 07:00 - 08:00 बजे तक | 08:50 से 09:00 बजे तक (10 मिनट) | प्रात: 09:00 से 11:00 बजे तक (2:00 घंटे) |
| | द्वितीय | दोपहर 12:00 - 01:00 बजे तक | 01:50 से 02:00 बजे तक (10 मिनट) | दोपहर 02:00 से 04:00 बजे तक (2:00 घंटे) |

टिप्पणी :-

1. अभ्यर्थी को मध्य प्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है ।
2. अभ्यर्थी का आधार पंजीयन अनिवार्य है ।यू आई डी ए आई (UIDAI) के द्वारा सत्यापित (Verify) होने पर ही ई आधार मान्य होगा ।
3. बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षाओं में मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के रूप में अभ्यर्थी मतदाता पहचान पत्र, पेनकार्ड, आधार कार्ड, ड्रायविंग लायसेस, तथा पासपोर्ट में से कोई एक को चयनित कर सकता है। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के अभाव में अभ्यर्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित किया जाएगा ।
4. परीक्षा में प्रवेश के समय एवं परीक्षा के दौरान आधार इनेबल्ड बहुस्तरीय बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य है।
5. परीक्षार्थियों को परीक्षा में रिपोटिंग समय तक परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति होगी । इसके पश्चात विलम्ब से आने वाले अभ्यथियों को प्रवेश की पात्रता नहीं होगी ।
6. परीक्षा कक्ष में मोबाईल फोन, केल्कुलेटर, लॉग टेबल्स, एवं नकल पर्चा आदि का उपयोग पूर्णत: वर्जित है।
7. ऑनलाईन आवेदन-पत्र क्रमांक के द्वारा ही लिखित परीक्षा हेतु अभ्यर्थी अपना प्रवेश-पत्र प्राप्त कर सकते हैं। अत: आवेदन-पत्र क्रमांक आवश्यक रूप से संभाल कर रखें, जिसकी समस्त जिम्मेदारी आवेदक की ही होगी।
8. परीक्षा केन्द्र पर आवेदक को काला बाल प्वाइंट पेन तथा परीक्षा हाल में प्रवेश हेतु मंडल की वेबसाइट से डाउनलोड किये गये प्रवेश-पत्र साथ लाना अनिवार्य है।
9. किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात परीक्षा समाप्ति तक परीक्षा कक्ष छोडने की अनुमति नहीं होगी ।

**प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड, भोपाल, म0प्र0**
चयन भवन, मेन रोड नं. 1, चिनार पार्क (ईस्ट), भोपाल - 462011
फोन नं. 0755-2578801, 02, 03, 04 फैक्स : 0755-2550498
ई-मेल : vyapam@mp.nic.in वेबसाईट : www.peb.mp.gov.in

# जनरल नर्सिंग प्रशिक्षण चयन परीक्षा एवं प्री नर्सिंग सिलेक्शन प्रवेश परीक्षा-2018

**(केवल महिला अभ्यर्थियों के लिये)**

## विषय-सूची


| स.क्रं. | अध्याय | विवरण | पृष्ठ क्र. |
|---|---|---|---|
| 1. | 1 **(अ) , (ब)** | संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएँ के लिये विभागीय नियम | 03-25 |
| 2. | 2. | प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड, भोपाल की परीक्षा संचालन संबंधी नियमावली एवं निर्देश | **26-45** |
| 3. | 3. | परीक्षा का पाठ्यक्रम | **46-52** |
| 4 | 4 | विभिन्न प्रमाण पत्रों के प्रारूप | **53-62** |
| 5 | **प्रारूप-10** | प्रश्नों / आदर्श उत्तरों पर आपत्ति हेतु अभ्यावेदन पत्रक | **63** |
| 6 | **प्रारूप-11** | आनलाईन आवेदन पत्र के साथ अभ्यर्थी का फोटो, हस्ताक्षर एवं स्वय की हस्तलिपी पत्रक | **64** |

# GNTST-2018

**(GENERAL NURSING TRAINING SELECTION TEST)**
**जनरल नर्सिंग प्रशिक्षण चयन परीक्षा (केवल महिला अभ्यार्थियों के लिए)**

**(स्टाफ नर्स के पद पर नियुक्ति के लिए)**

## मध्य प्रदेश शासन
## चयन नियम

# RULES FOR SELECTION

RULES FOR ADMISSION TO GENERAL NURSING TRAINING IN SELECTED GOVERNMENT TRANING CENTRES
(FOR APPOINTMENT AGAINST THE POST OF STAFF NURSES)

**2018**

FORMULATED AND ISSUED BY

**DIRECTORATE OF HEALTH SERVICES**
**GOVT. OF MADHYA PRADESH, BHOPAL**

# अध्याय-1(अ)

शासकीय जनरल नर्सिंग प्रशिक्षण केन्द्रों में प्रशिक्षण हेतु

## चयन के लिए नियम 2018

1.1 सामान्य :

1.1.1 ये नियम राज्य के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के ''शासकीय जनरल नर्सिंग प्रशिक्षण केन्द्रों में प्रशिक्षण हेतु चयन के नियम'' कहलायेंगे।

1.1.2 ये नियम उन उम्मीदवारों पर लागू होंगे जो मध्यप्रदेश के विभिन्न शासकीय जनरल नर्सिंग प्रशिक्षण केन्द्रों में प्रवेश चाहते हैं।

1.1.3 परिभाषाएं :

इन नियमों में -

1. राज्य शासन से तात्पर्य है मध्यप्रदेश शासन।

2. टेस्ट से तात्पर्य है General Nursing Training Selection Test (GNTST) जनरल नर्सिंग प्रशिक्षण चयन परीक्षा।

3. आयुक्त/संचालक से तात्पर्य है स्वास्थ्य आयुक्त/संचालक स्वास्थ्य सेवायें, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संचालनालय।

4. वर्ग से तात्पर्य है 3 वर्गो के उम्मीदवार यथा अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग जिनके लिये सीटें प्रचलित नियमों के अन्तर्गत आरक्षित की गयी हैं।

1.2 सीटों का आरक्षण

जनरल नर्सिंग प्रशिक्षण केन्द्र में प्रवेश हेतु अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ी जाति (क्रीमीलेयर को छोड़कर) वर्गो के लिये क्रमशः प्रवेश क्षमता का 16%, 20% तथा **14**% का आरक्षण किया गया है तथा ऐसी आरक्षित सीटों का ब्यौरा परिशिष्ट -''अ''- में दिया गया है।

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत प्रदेश में कार्यरत आशा कार्यकर्ताओं के लिये 10 प्रतिशत सीटां का आरक्षण रखा गया है। जनरल नर्सिंग प्रशिक्षण केन्द्र में प्रवेश हेतु अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ी जाति (क्रीमीलेयर को छोड़कर)

वर्गो के लिये क्रमशः प्रवेश क्षमता का 16%, 20% तथा 14% सीटों का आरक्षण किया गया है। जिसका विवरण परिशिष्ट ''अ'' पर संलग्न है।

टिप्पणी :-

(अ) विभिन्न आरक्षित वर्गो में से उम्मीदवार केवल एक ही वर्ग में आरक्षण का दावा कर सकता है।

(ब) जिस आरक्षित श्रेणी में प्रवेश हेतु दावा किया जा रहा है, उम्मीदवार को उससे संबंधित प्रमाण-पत्र इस परीक्षा की नियम पुस्तिका में दिये गये निर्धारित प्रारूप में ही काउन्सलिंग के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

नोट :- प्रवेश हेतु नियम पुस्तिका में जहाँ-जहाँ प्रमाण-पत्रों के प्रारूपों का उल्लेख किया गया है, ये सभी प्रारूप नियम पुस्तिका के अंत में (अध्याय-4) देखें।

1.2.1 मध्यप्रदेश की अनुसूचित जाति (एस.सी.) तथा अनुसूचित जनजाति (एस.टी.) वर्ग - ऐसा उम्मीदवार जो मध्यप्रदेश की अनुसूचित जाति में या अनुसूचित जनजाति वर्ग में होने का दावा करता है, उसे प्रवेश के आवंटित केन्द्र में निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करना होंगे :-

(अ) सक्षम अधिकारी के नियम पुस्तिका में दिये गये निर्धारित प्रारूप में प्रमाण-पत्र।

(ब) इसी नियम पुस्तिका में दिये गये निर्धारित प्रारूप में उम्मीदवार अपने पिता का नाम और यदि पिता जीवित न हो तो माता का नाम, यदि माता-पिता दोनों न हो तब वैध अभिभावक के नाम का शपथ-पत्र।

(स) विवाहित लड़की के संबंध में यह शपथ-पत्र उसके पति द्वारा प्रस्तुत किया जाना होगा।

(द) यदि ऐसा शपथ-पत्र किसी भी प्रकार से झूठा या गलत पाया गया तो उम्मीदवार का प्रवेश संबंधी दावा अस्वीकार कर दिया जावेगा एवं यदि उसमें प्रवेश पा लिया है तो उसे निरस्त कर दिया जावेगा।

1.2.2 अन्य पिछड़ा वर्ग क्रीमीलेयर को छोड़कर - ऐसा उम्मीदवार जो मध्यप्रदेश की अन्य पिछड़ी जाति क्रीमीलेयर को छोड़कर वर्ग में होने का दावा करता है उसे प्रवेश के समय सक्षम अधिकारी द्वारा नियम पुस्तिका में दिये गये निर्धारित प्रारूप में प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।

1.3 प्रवेश हेतु पात्रता की शर्तें :-

1.3.1 अधिवासी संबंधी आवश्यकताएँ :-

प्रवेश हेतु चयन के लिये केवल ऐसे उम्मीदवार की पात्रता होगीः-

1. जो भारत का नागरिक हो।

2. मध्यप्रदेश के शासन के नियमानुसार मध्यप्रदेश का मूल निवासी हो।

टिप्पणी :-मध्यप्रदेश का मूल निवासी संबंधी प्रमाण-पत्र प्रपत्र में दिये गये प्रारूप के अनुसार संबंधित जिले के कलेक्टर अथवा कलेक्टर द्वारा अधिकृत अधिकारी द्वारा जारी किया जाना चाहिए।

1.3.2 शैक्षणिक अर्हता :- जनरल नर्सिंग प्रशिक्षण केन्द्रों में नर्सिंग में प्रवेश हेतु उम्मीदवार माध्यमिक शिक्षा मंडल, मध्यप्रदेश की 10+2 प्रणाली की 12 वीं कक्षा में भौतिकी, रसायन एवं जीवविज्ञान विषयों में न्यूनतम 40% अंको को लेकर उत्तीर्ण हो। आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को 5 प्रतिशत अंक की छूट रहेगी।

अथवा

मध्यप्रदेश में संचालित सी.बी.एस.ई. से मान्यता प्राप्त स्कूलों में 10+2 की कक्षा 12वीं की भौतिकी, रसायन एवं जीवविज्ञान विषयों में न्यूनतम 40% अंको से उत्तीर्ण उम्मीदवारों को उक्त चयन में प्रवेश हेतु पात्रता होगी। आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को 5 प्रतिशत अंक की छूट रहेगी।

1.3.2.1 आशा कार्यकर्ता हेतु शैक्षणिक अर्हता 1.3.2 के समान होगी। साथ ही 5 वर्ष का सेवा अनुभव सक्षम अधिकारी द्वारा अनुशंसित कर आवेदन पत्र के साथ संलग्न किया जाना होगा।

1.3.2.2 अर्हकारी परीक्षा में सम्मिलित हो रहे अभ्यार्थियों की पात्रता :- प्रवेश परीक्षा में वे छात्राऐं भी सम्मिलित हो सकती है जो इस वर्ष 1.3.2 में वर्णित परिक्षाओं में सम्मिलित हो रही है। पूरक (सप्लीमेंट्री) आने पर प्रवेश हेतु अपात्र होगें।

1.3.3 आयु सीमा :- अ. 1 जुलाई 2018 को उम्मीदवार की न्यूनतम आयु 17 वर्ष एवं अधिकतम आयु 27 वर्ष होनी चाहियें। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं परित्यक्ता तथा विधवाओं के लिये अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट होगी।

ब. आशा कार्यकर्ताओं के लिये आरक्षित सीटों में प्रवेश के लिये आशा कार्यकर्ता की 1 जुलाई 2018 को अधिकतम आयु 35 वर्ष होनी चाहिये। आशा कार्यकर्ता के लिये आरक्षित सीटो में अधिकतम आयु सीमा (35 वर्ष) में छूट का कोई प्रावधान नही है।

1.3.4 स्पष्टीकरण :- आयु-सीमा की गणना करते समय हाईस्कूल प्रमाण-पत्र (10वीं) या इसकी अंकसूची में जो जन्मतिथि अंकित होगी उसे ही मान्य किया जावेगा। अन्य दस्तावेजों को प्रमाण के रूप में मान्य नहीं किया जावेगा।

1.4 चयन प्रक्रियाः-

1.4.1 जनरल नर्सिंग प्रशिक्षण केन्द्रों में नर्सिंग के प्रशिक्षण के चयन हेतु प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा एक चयन परीक्षा जनरल नर्सिंग प्रशिक्षण चयन परीक्षा (जी.एन.टी.एस.टी. एवं पी.एन.एस.टी.) आयोजित की जावेगी। मंडल द्वारा इस परीक्षा के आधार पर प्रावीण्यता सूचियां श्रेणीवार एवं एम.पी.आनलाईन द्वारा आवंटित प्रशिक्षण केंद्रवार सूची उपलब्ध करायी जावेगी।

नोटः- अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग को कोई उम्मीदवार, जिसका नाम आरक्षित वर्ग की मेरिट/प्रतीक्षा सूची के साथ ही साथ अनारक्षित वर्ग की मेरिट/प्रतीक्षा सूची में सम्मिलित है, तो ऐसी स्थिति में उम्मीदवार को काउंसलिंग के दौरान यह विकल्प होगा की वह सीट आरक्षित वर्ग का चयन करें अथवा अनारक्षित वर्ग का चयन करें।

1.4.2 इन चयन परीक्षा के लिये न्यूनतम अर्हकारी अंक 45 प्रतिशत का प्रावधान रखा गया है। प्रवेश हेतु केवल एक प्रश्न -पत्र होगा, जिसमें भौतिकी, रसायन, जीव विज्ञान, अंग्रेजी विषयों के भाग होगें। सभी विषयों का मूल्यांकन अलग-अलग होगा एवं सभी के अंक मिलाकर एक प्राप्तांक होगा। मेरिट सूची अंग्रेजी भाग के अंको को जोड़कर तैयार की जावेगी।

1.4.3 प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा में आशा कार्यकर्ताओं के लिये न्यूनतम अर्हकारी 40 प्रतिशत अंको से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। आशा कार्यकर्ताओं की मेरिट सूची पृथक से वर्गवार (सामान्य वर्ग, अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग) उपलब्ध कराई जावेगी।

1.4.4 समान कुल प्राप्त अंक प्राप्त परीक्षार्थियों की प्रावीण्यता:- समान कुल अंक प्राप्त करने वाले परीक्षार्थी की प्रावीण्यता, विषयों की महत्ता के निम्नलिखित क्रम में उनके प्राप्तांकों को आधार बनाकर-निश्चित किया जावेगा। प्रथम-जीवविज्ञान, द्वितीय-रसायन, तृतीय-भौतिकी एवं चतुर्थ-अंग्रेजी।

1.4.5 प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त अंको के आधार पर मंडल द्वारा निर्धारित सीटों के मान से वर्ग अनुसार योग्याताक्रम सूचियां बनायी जावेंगी।

1.5 प्रवेश प्रक्रिया:-

1.5.1 मंडल द्वारा परीक्षा परिणाम जारी करते समय अंकसूची में भी उम्मीदवारों के मेरिट क्रम वर्गवार (ओपन केटेगरी/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ा वर्ग) उल्लेख किया जावेगा। प्रशिक्षण केन्द्र का आवंटन एम.पी. आनलाईन के माध्यम से किया जावेगा। मेरिट सूची के आधार पर छात्राओं को उनके द्वारा एम.पी. आनलाईन में किये गये पंजीयन के आधार पर प्रशिक्षण केंद्रो में प्रवेश दिया जावेगा।

<u>जनरल नर्सिंग प्रशिक्षण हेतु कुल सीटों में से आशा कार्यकर्ताओं के लिये 10 प्रतिशत आरक्षित की गई सीटो के विरूद्ध आशा कार्यकर्ता के योग्य उम्मीदवार उपलव्ध न होने की स्थिति में रिक्त सीट्स पर अन्य छात्राओं को आरक्षण अनुसार प्रवेश दिया जावेगा।</u>

नोट - वर्ष 2018 जुलाई सत्र में प्रवेश हेतु लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा पृथक से कोई काउंसलिंग नहीं की जावेगी। प्रोफेशनल एग्जॉमिनेशन बोर्ड द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित करने के एक सप्ताह पश्चात् एम.पी.आनलाईन के माध्यम से छात्राओं को उनके द्वारा दिये विकल्प अनुसार मेरिट के आधार पर प्रशिक्षण केन्द्र आवंटित किया जावेगा। एम.पी.आनलाईन के माध्यम से आवंटित प्रशिक्षण केन्द्र में निर्धारित दिनांक तक उपस्थिति देना अनिवार्य होगा। उपस्थिति के समय छात्राओं के मूल प्रमाण पत्र एवं अन्य अभिलेखो का परीक्षण किया जावेगा। मूल प्रमाण पत्र दिखाना अनिवार्य रहेगा। समस्त अभिलेखों के परीक्षण उपरांत उपयुक्त उम्मीदवारों को ही प्रवेश दिया जावेगा।

जो उम्मीदवार नियत तिथि को उपस्थित नहीं होगें, उनका कोई अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा। उपस्थित होने वाले उम्मीदवारो को मेरिट सूची के अनुसार प्रवेश दिया जावेगा।

जनरल नर्सिंग प्रशिक्षण केन्द्रों में प्रवेश की प्रथम चरण की काउंसलिंग के उपरांत रिक्त सीटों की जानकारी अगले दिवस स्वास्थ्य विभाग की वेबसाईट www.health.mp.gov.in एवं एम.पी.आनलाईन पर प्रकाशित की जावेगी।

1.5.2 प्रवेश के लिये प्रमाण-पत्रों की सूची:- उम्मीदवारों को जनरल नर्सिंग प्रशिक्षण में प्रवेश के समय आवंटित प्रशिक्षण केन्द्रों में निम्न मूल प्रमाण-पत्र साथ में लाना अनिवार्य है। किसी भी प्रमाण पत्र की कमी होने की स्थिति में अपात्र माना जावेगा एवं उनको प्रवेश नहीं दिया जावेगा। इस संबंध में कोई अभ्यावेदन मान्य नहीं होगा।

1. माध्यमिक शिक्षा मंडल, मध्यप्रदेश एवं मध्यप्रदेश में संचालित सी.बी.एस.ई. से मान्यता प्राप्त स्कूलों की 10+2 प्रणाली की कक्षा दसवी एवं बारहवीं की अंकसूची ( भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, बायोलॉजी (साइंस बायो ग्रुप) ) प्रत्येक की एक-एक सत्यापित एवं मूल अंकसूची।

2. सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया जाति प्रमाण-पत्र की मूल प्रति एवं छायाप्रति सत्यापित कराकर साथ में लावें।

3. मूल निवासी प्रमाण-पत्र की मूलप्रति एवं प्रत्येक की सत्यापित छायाप्रति।

4. प्रदेश के किसी भी जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी किया गया फिटनेस प्रमाण पत्र मान्य किया जावेगा। गर्भवती उम्मीदवार अपात्र (अनफिट) होगी।

5. जी.एन.टी.एस.टी. अंकसूची/प्रवेश पत्र मूलतः एवं सत्यापित छायाप्रति।

6. आशा कार्यकर्ताओं के लिये 5 वर्ष का सक्षम अधिकारी द्वारा अनुशंसित सेवा अनुभव प्रमाण पत्र।

टिप्पणीः-

(i) आरक्षित वर्ग के उम्मीदवार को स्थायी जाति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने पर ही आरक्षित वर्ग में चयन किया जायेगा।

(ii) प्रवेश हेतु उम्मीदवार सुनिश्चित कर लें कि अध्याय-एक में दिये नियमों के अनुसार वे प्रशिक्षार्थी प्रवेश हेतु पूर्ण रूप से पात्र है।

(iii) किसी भी उम्मीदवार द्वारा दी गई जानकारी गलत पाई जाने पर उसे प्रशिक्षण से निष्कासित किया जावेगा एवं उपयुक्त विधिक कार्यवाही भी की जावेगी।

1.6 चयनोपरान्त पी.टी.एस. (प्रिलिमनरी ट्रेनिंग ऑफ स्टूडेन्ट परीक्षा) उत्तीर्ण करना अनिवार्य :

चयनोपरान्त प्रशिक्षण केन्द्रों में 3 माह के प्रशिक्षण के बाद पी.टी.एस. (प्रिलिमनरी ट्रेनिंग ऑफ स्टूडेन्ट परीक्षा) जो कि संबंधित संस्था द्वारा ली जायेगी उत्तीर्ण करना आवश्यक है। इस परीक्षा में असफल होने पर प्रशिक्षण से निष्कासित कर दिया जावेगा।

1.6.1 प्रशिक्षण के उपरांत 3 वर्ष अनिवार्य शासकीय सेवाः-

तीन वर्ष के सफल प्रशिक्षण उपरान्त स्टाफ नर्स के पद पर मध्यप्रदेष में कहीं भी 3 वर्ष की शासकीय सेवा यदि शासन द्वारा दी जाये तो करना अनिवार्य है, अन्यथा अनुबंध के अनुसार प्रशिक्षण का पूरा व्यय जो छात्रवृत्ति के रूप में देय है उम्मीदवार से वसूल किया जाएगा। अनुबंध-पत्र समय पर न देने पर प्रवेष निरस्त किया जावेगा एवं छात्रवृत्ति भी नहीं दी जाएगी।

1.7 प्रवेश रद्द करना :-

यदि यह पाया गया कि कोई उम्मीद्वार संस्था में झूठी/गलत सूचना देकर सुसंगत तथ्यों को छुपाकर प्रवेश पा लेने में सफल हो गया है या प्रवेश के पश्चात् किसी भी प्रमाण-पत्र परीक्षण उपरांत फर्जी पाये जाने की स्थिति में चूकवश प्रवेश मिल गया है तो उम्मीद्वार को दिया गया प्रवेश संस्था द्वारा उसके प्रषिक्षण काल के दौरान तुरंत बिना सूचना के रद्द किया जाएगा। प्रवेश संबंधी किसी भी विवाद में स्वास्थ्य आयुक्त/संचालक, स्वास्थ्य सेवायें का निर्णय अंतिम होगा।

1.8 चयन हेतु नीति के निर्धारण एवं नियम के अर्थ लगाने का अधिकार केवल राज्य शासन को :-

उम्मीद्वार के प्रवेश हेतु चयन संबंधी नीतियों के प्रष्न पर निर्णय लेने के लिये राज्य शासन अंतिम प्राधिकारी रहेगा। यदि इन प्रवेश नियमों के अर्थ लगाने (Interpretation) से संबंधित कोई प्रष्न उपस्थित होता है तो राज्य शासन का निर्णय अंतिम एवं बंधनकारी होगा।

1.9 नियमों प्रवेश प्रक्रिया में संशोधन का अधिकार :-

राज्य शासन प्रवेश के किसी भी नियम/प्रक्रिया में किसी भी समय संशोधन करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है। इस तरह किया गया कोई भी संशोधन बंधनकारी होगा।

1.10 प्रशिक्षण अवधि में पालन की जाने वाली अनिवार्य शर्तें एवं नियम :-

जनरल नर्सिंग प्रशिक्षण में प्रवेश के उपरान्त परीक्षार्थी को जिन नियमों एवं शर्तों का पालन करना अनिवार्य होगा वे नियम परिशिष्ट -ब में दिये गये हैं।

1.11 प्रशिक्षण के सफल समापन के उपरान्त स्टॉफ नर्स के पद पर नियुक्ति एवं पद का वेतनमान :-

जनरल नर्सिंग प्रशिक्षण सफलतापूर्वक प्राप्त करने के फलस्वरूप इन्हें विभाग की आवश्यतानुसार स्टॉफ नर्स के पद रिक्त होने पर प्रदेश में कहीं भी नियुक्ति प्रदान की जा सकेगी एवं ग्रामीण क्षेत्र में 3 वर्ष सेवा करना अनिवार्य होगा अन्यथा बॉण्ड राशि की वसूली की कार्यवाही की जावेगी। प्रशिक्षण से संबंधित शेष शर्तें यथावत् रहेगी।

परिशिष्ट -अ

मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग (आरक्षण प्रकोष्ठ) के ज्ञापन क्रमांक एफ. 7-26/93/1/आर. प्रा., दिनांक 8 मार्च 1994 के अनुसार परिशिष्ट - द (11) में खुली प्रतियोगिता के द्वारा प्रादेशिक आधार पर भरे जाने वाले पदो के लिये माडल रोस्टर के अनुसार उपलब्ध 1040 सीटों का केन्द्रवार विवरण निम्नानुसार रहेगाः-

सीधी भर्ती एवं आशा कार्यकर्ता हेतु जी.एन.टी.एस.टी. की सीटो का विवरण

| क्रं. | प्रशिक्षण केन्द्र का नाम | कुल रिक्त सीटों की संख्या | अनारक्षित | | अनु.जा. | | अनु.ज.जा. | | अन्य पिछड़ावर्ग (क्रीमीलेयर को छोड़कर | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | सीधी भर्ती | आशा कार्य. | सीधी भर्ती | आशा कार्य. | सीधी भर्ती | आशा कार्य. | सीधी भर्ती | आशा कार्य. |
| 1. | हमीदिया अस्पताल, गांधी मेडिकल कॉलेज भोपाल | 31 | 14 | 2 | 4 | 1 | 5 | 1 | 4 | 0 |
| 2. | एम.वाय. अस्पताल, मेडिकल कालेज, सिविल लाईन इन्दौर | 37 | 16 | 3 | 5 | 1 | 7 | 0 | 5 | 0 |
| 3. | जे. ए. अस्पताल, ग्वालियर | 37 | 16 | 3 | 5 | 1 | 7 | 0 | 5 | 0 |
| 4. | मेडिकल कालेज अस्पताल, जबलपुर | 42 | 19 | 2 | 6 | 1 | 7 | 1 | 5 | 1 |
| 5. | जी. एम. अस्पताल, मेडिकल कालेज, रीवा | 29 | 13 | 1 | 4 | 1 | 5 | 1 | 4 | 0 |
| 6. | जिला चिकित्सालय, छिन्दवाड़ा | 54 | 23 | 3 | 8 | 1 | 10 | 1 | 7 | 1 |
| 7. | जिला चिकित्सालय, खण्डवा | 54 | 23 | 3 | 8 | 1 | 10 | 1 | 7 | 1 |
| 8. | जिला चिकित्सालय, सागर | 54 | 23 | 3 | 8 | 1 | 10 | 1 | 7 | 1 |
| 9. | जिला चिकित्सालय, रतलाम | 54 | 23 | 3 | 8 | 1 | 10 | 1 | 7 | 1 |
| 10 | जी.एन.एम. सतना | 54 | 23 | 3 | 8 | 1 | 10 | 1 | 7 | 1 |
| 11 | जी.एन.एम. रायसेन | 54 | 23 | 3 | 8 | 1 | 10 | 1 | 7 | 1 |
| 12 | जी.एन.एम. झाबुआ | 54 | 23 | 3 | 8 | 1 | 10 | 1 | 7 | 1 |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 13 | जी.एन.एम. सीधी | 54 | 23 | 3 | 8 | 1 | 10 | 1 | 7 | 1 |
| 14 | जी.एन.एम. राजगढ़ | 54 | 23 | 3 | 8 | 1 | 10 | 1 | 7 | 1 |
| 15 | जी.एन.एम. विदिशा | 54 | 23 | 3 | 8 | 1 | 10 | 1 | 7 | 1 |
| 16 | जी.एन.एम. दतिया | 54 | 23 | 3 | 8 | 1 | 10 | 1 | 7 | 1 |
| 17 | जी.एन.एम. देवास | 54 | 23 | 3 | 8 | 1 | 10 | 1 | 7 | 1 |
| 18 | जी.एन.एम. मंदसौर | 54 | 23 | 3 | 8 | 1 | 10 | 1 | 7 | 1 |
| 19 | जी.एन.एम. नरसिंहपुर | 54 | 23 | 3 | 8 | 1 | 10 | 1 | 7 | 1 |
| 20 | जी.एन.एम. सिवनी | 54 | 23 | 3 | 8 | 1 | 10 | 1 | 7 | 1 |
| 21 | जी.एन.एम. बालाघाट | 54 | 23 | 3 | 8 | 1 | 10 | 1 | 7 | 1 |
| योग | | 1040 | 446 | 59 | 152 | 21 | 191 | 19 | 135 | 17 |

परिशिष्ट -ब

**जनरल नर्सिंग प्रशिक्षण हेतु नियम एवं शर्ते**

1. जनरल नर्सिंग प्रशिक्षण की अवधि तीन वर्ष (6 माह की इंर्टनशिप के साथ) की होगी।

2. जी.एन.एम. प्रशिक्षण के पाठयक्रम का माध्यम अंग्रेजी होगा।

3. प्रशिक्षण अवधि में छात्रावास में निवास करना व छात्रावास के नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा।

4. प्रशिक्षण अवधि में विवाह व गर्भधारण करना प्रशिक्षण हेतु अयोग्यता मानी जायेगी।

5. प्रत्येक वर्ष के पश्चात् केवल एक माह का ही अवकाश मिलेगा एवं प्रति वर्ष 10 दिवस का मेडिकल अवकाश मिलेगा।

6. प्रशिक्षणार्थी को ड्यूटी के समय संचालनालय के परिपत्र क्रमांक 9/नर्सिंग/प्रशि.-3/94/1588/1601, दिनांक 7-5-1994 के अनुसार संशोधित गणवेश पहनना अनिवार्य होगा।

7. छात्राओं को कार्य (ड्यूटी समय) पर होते हुए रिश्तेदारों से मिलने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

8. ड्यूटी में अवकाश के समय छात्राओं को अकारण चिकित्सालय में घूमने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

9. छात्रावास में रहने वाली छात्राओं को मेस में भोजन करना अनिवार्य है।

10. छात्राओं को प्रशिक्षण अवधि में उनके माता-पिता अभिभावक द्वारा भर्ती के समय लिखित में अधिकृत किये गये व्यक्तियों से ही मिलने की अनुमति दी जावेगी।

11. प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने पर छात्रवृत्ति नहीं दी जायेगी। प्रशिक्षणार्थी को तीन वर्ष की अवधि की छात्रवृत्ति देय होगी।

12. प्रत्येक सप्ताह में एक दिन के लिये अभिभावक से मिल सकने की व्यवस्था और बडे त्यौहारों पर अपने अभिभावक के पास जाने की अनुमति दी जा सकेगी। परन्तु यह व्यवस्था प्रभारी, प्रशिक्षण केन्द्र प्रशिक्षणार्थी की धार्मिक भावनाओं के परिप्रेक्ष्य में, क्लास एवं क्लीनिकल फील्ड अनुभव में बाधक न हो, इस बात को ध्यान में रखते हुए आंतरिक व्यवस्था की दृष्टि से करेंगे एवं प्रशिक्षणार्थियों को इसका पालन करना होगा।

13. छात्राओं को आवंटित पास के दिन बाहर जाने पर पुनः संध्याकालीन रोल के समय छात्रावास में रहना अनिवार्य होगा।

14. छात्राओं को बाहर आने-जाने पर अपना नाम एवं पता अपने जाने का समय रजिस्टर में अंकित करना तथा हस्ताक्षर कराना अनिवार्य है।

15. प्रशिक्षण के दौरान एक प्रशिक्षण केन्द्र से दूसरे प्रशिक्षण केन्द्र में स्थानांतरण का कोई प्रावधान नहीं है।

16. उपरोक्त निर्देशों/शर्तों का कड़ाई से पालन ना करने पर एवं प्राचार्य की शिकायत के आधार पर छात्रा के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए प्रशिक्षण से निष्कासित किया जावेगा।

17. उपरोक्त नियमों के अलावा प्रभारी प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा प्रशासकीय दृष्टि से बनाये गये नियमों का पालन करनी भी छात्राओं के लिये अनिवार्य होगा।

18. छात्राओं द्वारा 1,00,000/- (एक लाख रूपये) के बॉण्ड के साथ सॉल्वेंसी भरना अनिवार्य है।

**आयुक्त स्वास्थ्य सेवायें,**

**मध्यप्रदेश**

# PNST-2018

**PRE NURSING SELECTION TEST 2018**
**(BSC NURSING SELECTION TEST)**

**SELECTION RULES FOR ADMISSION**
**TO BSC. NURSING (4 YEAR COURSE)**
**IN GOVERNMENT NURSING COLLEGES**

**शासकीय नर्सिंग कालेजों के बीएससी नर्सिंग (4 वर्षीय पाठयक्रम) में प्रवेश हेतु उम्मीदवारों के लिए चयन संबंधी नियम**

**(FOR FEMALE CANDIDATE ONLY)**
**(केवल महिला उम्मीदवारों के लिए)**

**FORMULATED AND ISSUED BY**
**GOVT. OF MADHYA PRADESH**
**DIRECTORATE OF HEALTH SERVICES**
**&**
**COMMISSIONER OFFICE, DEPT. OF MEDICAL EDUCATION, SATPUDA BHAWAN, BHOPAL**

**संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें**
**एवं मध्य प्रदेश भारत शासन**
**आयुक्त कार्यालय, चिकित्सा शिक्षा विभाग**
**सतपुडा भवन, भोपाल**

# अध्याय-1(ब)

**शासकीय बीएससी नर्सिंग कालेजों में स 2018-19 के लिए प्रशिक्षण हेतु चयन**

**1. <u>सामान्य :</u>**

**1.1 ये नियम राज्य शासन के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के शासकीय बीएससी नर्सिंग कालेजों में प्रशिक्षण हेतु चयन के नियम कहलायेंगे।**

**1.2 ये नियम उन पात्र महिला उम्मीदवारों पर लागू होगें जो मध्य प्रदेश के विभिन्न शासकीय कालेज ऑफ नर्सिंग में प्रवेश लेना चाहते है।**

**2. <u>परिभाषाऐं :</u>**

**इन नियमों में-**

1. **राज्य शासन से तात्पर्य मध्य प्रदेश शासन।**
2. **टेस्ट से तात्पर्य है प्री नर्सिंग चयन परीक्षा बीएससी नर्सिंग (पीएनएसटी) PRE-NURSING (B.SC. NURSING) SELECTION TEST (PNST)**
3. **आयुक्त से तात्पर्य है स्वास्थ्य आयुक्त, संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें एवं आयुक्त चिकित्सा शिक्षा।**
4. **संचालक से तात्पर्य है संचालक चिकित्सा शिक्षा सेवायें एवं संचालक लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण।**
5. **वर्ग से तात्पर्य है- अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछडा वर्ग के उम्मीदवार जिनके लिए सीटे प्रचलित नियमों के अंतर्गत आरक्षित की गयी है।**

**3. <u>प्रवेश हेतु पात्रता की शर्ते-</u>**

**3-1 अधिवासी संबंधी आवश्यकताऐं -**

**प्रवेश हेतु चयन के लिए केवल ऐसी महिला उम्मीदवार पात्र होगी जो भारत का नागरिक हो और शासन के नियमानुसार मध्य प्रदेश की मूल निवासी हो।**

**टिप्पणी- मध्य प्रदेश का मूल निवासी संबंधी प्रमाण-पत्र प्रपत्र 06 में दिये गये प्रारूप के अनुसार संबंधित जिले के कलेक्टर अथवा कलेक्टर द्वारा अधिकृत अधिकारी द्वारा जारी किया जाना अनिवार्य है।**

3.2 शैक्षणिक अर्हता- बीएससी नर्सिंग पाठयक्रम में प्रवेश हेतु उम्मीदवार माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्य प्रदेश और मध्य प्रदेश में संचालित सीबीएसई0 से मान्यता प्राप्त स्कूलों से की 10+2 प्रणाली की 12 वी कक्षा में भौतिकी, रसायन शास्त्र, जीवविज्ञान एवं अंग्रेजी विषयों को लेकर न्यूनतम 45 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण हो। आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को 5 प्रतिशत अंक की छूट रहेगी।

टिप्पणी- अर्हकारी परीक्षा में सम्मिलित हो रहे अभ्यर्थियों की पात्रता- प्रवेश परीक्षा में वे छात्राऐं भी सम्मिलित हो सकती है जो इस वर्ष 2017-18 में वर्णित परीक्षाओं में सम्मिलित हो रही है। परंतु उन्हें पूरक (सप्लीमेंटी) आने पर प्रवेश हेतु पात्रता नहीं होगी।

3.3 आयु सीमा- 1 जुलाई 2018 को उम्मीदवार की न्यूनतम आयु 17 वर्ष एवं अधिकतम आयु 30 वर्ष होनी चाहिऐं। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछडा वर्ग एवं परित्यक्ता तथा विधवाओं के लिए आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट होगी।

टिप्पणी- आयु सीमा की गणना करते समय उच्चतर माध्यमिक प्रमाण-पत्र (10वीं) या इसकी अंकसूची में जो जन्मतिथी अंकित होगी उसे ही मान्य किया जावेगा। अन्य दस्तावेजों को प्रमाण-पत्र के रूप में मान्य नहीं किया जावेगा।

3.4 सीटों का आवंटन

**3.4.1 लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत कार्यरत- शासकीय नर्सिंग महाविघालयों के सीटों का विवरण-**

| क्र0 | कालेज का नाम | महिला उम्मीदवारों हेतु कुल सीट | ओपन केटेगिरी | अनारक्षित वर्ग | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनारक्षित (अनारक्षित महिला) | अनुसूचित जाति (महिला) (16%) | अनुसूचित जनजाति (महिला) (20%) | अन्य पिछडा वर्ग (महिला) (क्रीमीलेयर को छोकर) (16%) |
| 1 | शासकीय रानी दुर्गावती नर्सिग महाविघालय, लेडी एल्गिन अस्पताल के पास, जबलपुर | 60 | 30 | 10 | 12 | 8 |
| 2 | शासकीय नर्सिग महाविघालय, उज्जैन जिला चिकित्सालय के पास उज्जैन | 60 | 30 | 10 | 12 | 8 |
| | | 120 | 60 | 20 | 24 | 16 |

**3.4.2 चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत कार्यरत-शासकीय नर्सिंग महाविघालय, सीआरपी लाईन, म.य. चिकित्सालय के पास, इंदौर के सीटों का विवरण-**

| क्र0 | कालेज का नाम | महिला उम्मीदवारों हेतु कुल सीट | ओपन केटेगिरी | अनारक्षित वर्ग | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनारक्षित (अनारक्षित महिला) | अनुसूचित जाति (महिला) (16%) | अनुसूचित जनजाति (महिला) (20%) | अन्य पिछडा वर्ग (महिला) (क्रीमीलेयर को छोकर) (16%) |
| 1 | शासकीय नर्सिग महाविघालय, सीआरपी लाईन, इंदौर म.य. चिकित्सालय के पास, इंदौर (म.प्र. शासन के चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत सन 1960 से कार्यरत) | 50 | 25** | 8 | 10 | 7 |
| | योग - | 50 | 25 | 8 | 10 | 7 |

** चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधीनस्थ शासकीय स्वशासी नर्सिंग महाविघालय, इंदौर में अनारक्षित श्रेणी की 25 सीटों में से 1 सीट स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं भूतपूर्व सैनिक के उम्मीदवार के लिए आरक्षित होगी।

3.4.3 मध्य प्रदेश की अनुसूचित जाति (एस.सी.) तथा अनुसूचित जनजाति (एस.टी.) और अन्य पिछडा वर्ग की ऐसी महिला उम्मीदवार जो होने का दावा करती है, उसे बीएससी नर्सिंग कालेज में प्रवेश हेतु अनुसूचित जाति (एस.सी.) तथा अनुसूचित जनजाति (एस.टी.) और अन्य पिछडी जाति (क्रीमीलेयर को छोडकर) वर्गो के लिए क्रमश: प्रवेश क्षमता का 16%, 20% तथा 14 प्रतिशत सीटों का आरक्षण किया गया है तथा ऐसी आरक्षित सीटों का ब्यौरा उपरोक्त तालिका में दिया गया है।

<u>टिप्पणी-</u>

1. विभिन्न आरक्षित वर्गो मे से उम्मीदवार केवल एक ही वर्ग में आरक्षण का दावा कर सकता है।
2. जिस आरक्षित वर्ग में प्रवेश हेतु दावा किया जा रहा है, उम्मीदवार को उससे संबंधित प्रमाण-पत्र इस नियम पी.एन.एस.टी. परीक्षा की नियम पुस्तिका में दिये गये निर्धारित प्रारूप प्रपत्र 1,2,3 और 4 के अनुसार प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा |
3. इसी नियम पुस्तिका में दिये गये निर्धारित प्रारूप प्रपत्र 1 में उम्मीदवार अपने पिता का नाम और यदि पिता जीवित न हो तो माता का नाम, यदि माता-पिता दोनो न हो तो वैध अभिभावक का नाम का शपथ-पत्र।
4. विवाहित लडकी के संबंध में यह शपथ-पत्र उसके पति द्वारा प्रस्तुत किया जाना होगा।

## 4. चयन प्रक्रिया-

4.1 शासकीय नर्सिंग महाविघालय में बीएससी. नर्सिंग के प्रशिक्षण के चयन हेतु प्रोफेशनल एक्जामिनेशन बोर्ड, मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा पीएनएसटी; चयन परीक्षा आयोजित की जावेगी ।बोर्ड द्वारा,इस परीक्षा के परिणाम के आधार पर प्रावीण्य सूचियां वर्गवार जारी कर प्रवेशप्रक्रिया संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें एवं शासकीय नर्सिंग महाविघालय इंदौर द्वारा पूर्ण करायी जाएगी।

4.2 इस चयन परीक्षा के लिए न्यूनतम अर्हकारी अंक 50 प्रतिशत का प्रावधान रखा गया है। । प्रवेश हेतु केवल एक प्रश्न-पत्र होगा, जिसमें भौतिकी, रसायन, जीव विज्ञान, अंग्रजी विषयों के भाग होगें। सभी विषयों का मूल्यांकन अलग-अलग होगा एवं सभी के अंक मिलाकर एक प्राप्तांक होगा। मेरिट सूची अंग्रेजी विषय के अंको को जोडकर तैयार की जावेगी।

4.3 समान कुल प्राप्त अंक प्राप्त परीक्षार्थियों की प्रावीण्यता'- समान कुल अंक प्राप्त करने वाले परीक्षार्थी की प्रावीण्यता, विषयों की महत्ता के निम्लिखित क्रम में उनके प्राप्तांकों को आधार बनाकर-निश्चत किया जावेगा। प्रथम जीवविज्ञान, द्वितीय रसायन, तृतीय भौतिकी एवं चतुर्थ अंग्रेजी।

4.4 अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछडा वर्ग को कोई उम्मीदवार, जिसका नाम आरक्षित वर्ग की मेरिट/प्रतीक्षा सूची के साथ ही साथ अनारक्षित वर्ग की मेरिट/प्रतीक्षा सूची में सम्मिलित है तो ऐसी

स्थिति में उम्मीदवार को काउंसलिंग के दौरान यह विकल्प होगा कि वह सीट आरक्षित वर्ग का चयन करें अथवा अनारक्षित वर्ग का चयन करें।

4.5 प्रवेश् परीक्षा में उम्मीदवारो द्वारा प्राप्त अंकों के आधार पर बोर्ड द्वारा निर्धारित सीटों के मान से चार गुना वर्ग अनुसार मेरिट सूचियां बनायी जावेगी। बोर्ड द्वारा परीक्षा परिणाम जारी करते समय अंकसूची में भी उम्मीदवारों के मेरिट क्रम वर्गवार (सामान्य केटेगरी/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति /पिछडा वर्ग) उल्लेख किया जावेगा।

5. प्रवेश प्रक्रिया -

5.1 प्रोफेशनल एक्जामिनेशन बोर्ड, भोपाल द्वारा प्राप्त मेरिट सूची के आधार पर शासकीय नर्सिंग महाविद्यालयों में सीट्स का आवंटन आनलाईन और/ या ऑफलाईन के माध्यम से संचालनालय स्वास्थ्य सेवाऐं और शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय इंदौर द्वारा किया जावेगा।

5.2 शासकीय स्वशासी नर्सिंग महाविद्यालय, इंदौर में 50 सीटों पर प्रवेश हेतु काउंसलिंग की विज्ञप्ति समाचार-पत्रों में अलग से जारी की जावेगी।

5.3 आवंटन पश्चात प्रवेश प्राप्त छात्राओं को महाविद्यालयों में निर्धारित तिथि पर अपनी उपस्थिति देना होगी।

5.4 आवंटन के पश्चात कालेज परिवर्तन नहीं किया जावेगा।

5.5 प्रवेश के लिए प्रमाण-पत्रों की सूची- उम्मीदवारों को बीएससी नर्सिंग महाविद्यालय में प्रवेश के समय आवंटित प्रशिक्षण केन्द्रों में निम्नांकित मूल प्रमाण-पत्रों को साथ में लाना अनिवार्य है किसी भी प्रमाण पत्र की कमी होने की स्थिति में उम्मीदवार को अपात्र माना जावेगा एवं उनको प्रशिक्षण हेतु प्रवेश् नहीं दिया जावेगा। इस संबंध में कोई अभ्यावेदन मान्य नहीं होगा।

1. 10+2 प्रणाली की कक्षा दसवीं की अंकसूची एक सत्यापित एवं मूल अंकसूची के साथ।
2. 10+2 प्रणाली की कक्षा बारहवी की अंकसूची एक सत्यापित एवं मूल अंकसूची (भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, बायोलाजी साइंस बायो ग्रुप) एक सत्यापित एवं मूल अंकसूची के साथ।
3. मूल निवास प्रमाण पत्र की मूलप्रति एवं सत्यापित छायाप्रति।
4. प्रारूप 01/03 (जो लागू हो) सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र की मूलप्रति एवं छायाप्रति सत्यापित कराकर साथ में लावे।
5. प्रारूप 02 आरक्षित वर्ग के उम्मीदवार के माता-पिता/वैध अभिभावक का शपथ पत्र ।
6. प्रारूप 04 भूतपूर्व सैनिक द्वारा स्थाई रूप से मध्य प्रदेश में व्यवस्थापित होने संबंधी शपथ पत्र।

7. प्रदेश के किसी भी जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी किया गया फिटनेस प्रमाण पत्र । गर्भवती उम्मीदवार अपात्र (अनफिट) होगी।

8. प्रवेश के समय प्रवेशित छात्राओं को अनुबंध पत्र राशि रू0 २ लाख का 100 रू0 के स्टांप पेपर पत्र एवं सॉल्वेंसि प्रमाण-पत्र।

9. शासकीय नर्सिंग महाविघालय इंदौर में प्रवेश लेने वाले उम्मीदवारों को अवर सचिव म0प्र0 शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग मंत्रालय, भोपाल के आदेश क्रमांक एफ-2-63/03/55/चि0शि0/1,भोपाल दिनांक 06.04.2004 के अनुसार कांउसलिंग में उपस्थित होने के समय अनिवार्य रूप से रू0 32500/- (रू0 बत्तीस हजार पांच सौ मात्र) का सी0ई0ओ0, ऑटोनोमस सोसायटी, शासकीय नर्सिंग महाविघालय, इंदौर के नाम से देय किसी भी नेशनलाइज्ड बैंक द्वारा जारी डिमाण्ड डाफ्ट साथ लेकर आवें । (शिक्षण शुल्क रू0 25000/- प्रतिवर्ष, रू0 1000/- कम्प्यूटर फीस एक बार एवं रू0 6000/- होस्टल फीस प्रतिवर्ष एवं रू0 500/- कॉशन मनी एक बार रिफण्डेबल)

टिप्पणी-

1. आरक्षित वर्ग के उम्मीदवार को स्थायी जाति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने पर ही आरक्षित वर्ग में चयन किया जायेगा।
2. काउंसिलिंग में आने के पूर्व उम्मीदवार सुनिश्चित कर ले कि अध्याय एक में दिये नियमों के अनुसार वे प्रशिक्षार्थी प्रवेश हेतु पूर्ण रूप से पात्र है अन्यथा काउंसिलिंग में उपस्थित न हों।
3. किसी भी उम्मीदवार द्वारा दी गई जानकारी गलत पाई जाने पर उसे प्रशिक्षण से निष्कासित किया जावेगा एवं उपयुक्त विधिक कार्यवाही की जायेगी।

5.6 उम्मीदवार को मेरिट सूची के आधार पर शासकीय नर्सिंग महाविघालयों में प्रवेश दिया जावेगा।अपने मूल दस्तावेज का सत्यापन समय सीमा में कराना अनिवार्य होगा। उपस्थिति के समय छात्राओं के मूल प्रमाण-पत्र एवं अन्य अभिलेखों का परीक्षण किया जावेगा। मूल प्रमाण-पत्र दिखाना अनिवार्य रहेगा। समस्त अभिलेखों के परीक्षण उपरांत उपयुक्त उम्मीदवारों को ही प्रवेश दिया जावेगा। आवंटित शासकीय नर्सिंग महाविघालययों में उपस्थिति देने की तिथि...................... निर्धारित है उक्त सत्यापित दस्तावेज गलत पाए जानेपर प्रवेश निरस्त किया जाएगा।

6. प्रशिक्षण के उपरांत 5 वर्ष की अनिवार्य शासकीय सेवा-

6.1 शासकीय नर्सिंग महाविघालय,जबलपुर/उज्जैन में सभी प्रवेशित 120 उम्मीदवारों को शासकीय नर्सिंग महाविघालय में 4 वर्ष के सफल प्रशिक्षण उपरांत स्टाफ नर्स के पद पर म0प्र0 में कहीं भी संचालनालय स्वास्थ्य सेवाओं के अधीन चिकित्सालयों एवं स्थानों में अथवा शासकीय नर्सिंग

महाविघालय इंदौर के 50 प्रवेशित उम्मीदवारों को चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधीन महाविघालय अस्पताल/संस्थानों में 5 वर्ष की शासकीय सेवा करना अनिवार्य है, अन्यथा अनुबंध के अनुसार प्रशिक्षण का पूरा व्यय उम्मीदवार से वसूल किया जाएगा। अनुबंध पत्र समय पर न देने पर प्रवेश निरस्त किया जावेगा एवं छात्रवृत्ति भी नहीं दी जाएगी।

**6.2** शासन नियमानुसार नवीन प्रवेश प्राप्त (एस.टी./एस.सी. एवं ओ.बी.सी.) छात्राओं को आदिम जाति कल्याण विभाग, जिला इंदौर द्वारा परीक्षा शुल्क एवं प्रशिक्षण शुल्क आय प्रमाण-पत्र के आधार पर वापस कर दी जाती है एवं छात्राओं को शासन नियमानुसार प्रतिमाह रू0 3500/- स्टायफण्ड प्रदाय किया जाएगा।

**6.3** प्रवेश एवं नियुक्ति रद्द करना-

यदि यह पाया गया कि कोई उम्मीदवार संस्था में झूठी/गलत सूचना देकर, ससंगत तथ्यों को छुपाकर प्रवेश/ नियुक्ति पर लेने में सफल हो गया है या प्रवेश/नियुक्ति के पश्चात किसी भी समय यह पाया गया कि उम्मीदवारों को किसी गलती या चूकवश प्रवेश मिल गया है तो उम्मीदवार को दिया गया प्रवेश/नियुक्ति को संस्था द्वारा उसके प्रशिक्षण काल के दौरान तुरंत बिना सूचना के रद्द किया जाएगा। प्रवेश/नियुक्ति संबंधी किसी भी विवाद में राज्य शासन का निर्णय अंतिम होगा।

**7-** चयन हेतु नीति के निर्धारण् एवं नियम के अर्थ लगाने का अधिकार केवल राज्य शासन को - उम्मीदवार के प्रवेश हेतु चयन संबंधी नीतियों के प्रश्न पर निर्णय लेने के लिए राज्य शासन अंतिम प्राधिकारी रहेगा। यदि इन प्रवेश नियमों के अर्थ् लगाने (Interpretation) से संबंधित कोई प्रश्न उपस्थित होता है तो राज्य शासन का निर्णय अंतिम एवं बंधनकारी होगा।

**8.** नियमों/प्रवेश प्रक्रिया में संशोधन का अधिकार-

राज्य शासन प्रवेश के किसी भी नियम/प्रक्रिया में किसी भी समय संशोधन करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है इस तरह किया गया कोई भी संशोधन बंधनकारी होगा ।

9. प्रशिक्षण अवधि में पालन की जाने वाली अनिवार्य शर्ते एवं नियम-

बीएससी0 नर्सिंग प्रशिक्षण में प्रवेश के उपरांत परीक्षार्थी को जिन नियमों एवं शर्तो का पालन करना अनिवार्य होगा वे नियम परिशिष्ट-ब में दिये गये है।

**10.** प्रशिक्षण के सफल समापन के उपरांत स्टाफ नर्स के पद पर नियुक्ति एवं पद का वेतनमान (लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग)-

बीएससी0 नर्सिंग प्रशिक्षण सफलतापूर्व प्राप्त करने के फलस्वरूप रू0 5200-20200-2800 (शासन द्वारा समय-समय पर परिवर्तित वेततमान) में स्टाफ नर्स के पद रिक्त होने पर प्रदेश में कहीं भी नियुक्ति प्रदान की जावेगी। प्रशिक्षण से संबंधित शेष शर्ते यथावत रहेगी।

**मध्य प्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग (आरक्षण प्रकोष्ठ) के ज्ञाप क्र0 एफ.7-26/93/1/आर.प्रा., दि0 08 मार्च 1994 के अनुसार परिशिष्ट-द (11) में खुली प्रतियोगिता के द्वारा प्रादेशिक आधार पर भरे जानेवाले पदो के लिए माडल रोस्टर के अनुसार उपलब्ध 120+50 सीटोंका केन्द्रवार विवरण निम्नानुसार रहेगा।**

| क्र0 | कालेज का नाम | महिला उम्मीदवारों हेतु कुल सीट | ओपन केटेगिरी | अनारक्षित वर्ग | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनारक्षित (अनारक्षित महिला) | अनुसूचित जाति (महिला) (16%) | अनुसूचित जनजाति (महिला) (20%) | अन्य पिछडा वर्ग (महिला) (क्रीमीलेयर को छोकर) (16%) |
| 1 | शासकीय रानी दुर्गावती नर्सिंग महाविघालय, लेडी एल्गिन अस्पताल के पास, जबलपुर | 60 | 30 | 10 | 12 | 8 |
| 2 | शासकीय नर्सिंग महाविघालय, उज्जैन जिला चिकित्सालय के पास उज्जैन | 60 | 30 | 10 | 12 | 8 |
| | | 120 | 60 | 20 | 24 | 16 |

